DHS-126727

पत्राँकः– YEIDA / उद्योग / 2020 / 5732

दिनांक– 19/10/2020

कार्यालय – आदेश

प्राधिकरण की 68वीं बोर्ड बैठक दिनांक 03.10.2020 के मद संख्या–.(68 / 37) पर प्राधिकरण के औद्योगिक सैक्टर–29 एवं 33 में नियोजित अपैरल पार्क, हैण्डीक्राफ्ट, एम0एस0एम0ई, टॉय पार्क में Common Facility centre हेतु निःशुल्क भूमि आवंटन किये जाने विषयक प्रस्ताव मा0 बोर्ड के संचालक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसपर विचारोपरान्त संचालक मण्डल द्वारा निम्नवत् निर्णय दिया गया हैः–

"औद्योगिक सैक्टर– 29 एवं 33 में नियोजित प्रत्येक पार्क यथा अपैरल पार्क / हैण्डीक्राफ्ट पार्क / एम0एस0एम0ई0 / टॉय पार्क में Common Facility centre हेतु 5000 वर्गमी0 भूमि निःशुल्क आवंटित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही निर्देशित किया गया है कि इस हेतु भूमि का आवंटन प्रत्येक पार्क की 30 प्रतिशत् औद्योगिक इकाईयों के Functional होने के बाद ही किया जाये।"

तत्क्रम में अपैरल पार्क / हैण्डीक्राफ्ट पार्क / एम0एस0एम0ई0 / टॉय पार्क में 30 प्रतिशत् औद्योगिक इकाईयों के Functional हो जाने के बाद ही अभिप्रेरक एजेन्सी (Sponsoring Agency) के आवेदन करने पर Common Facility centre यथा डिजाईन सेन्टर, कच्चामाल स्टोर, बैंक, कय–विकय सुविधा केन्द्र जैसी सुविधाओं के विकास हेतु 5000 वर्गमी0 भूमि निःशुल्क आवंटित की जायेगी।

भवदीय

(रवीन्द्र सिंह)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1. स्टॉफ ऑफिसर मुख्य कार्यपालक अधिकारी को, महोदय के अवलोकनार्थ।
2. विशेष कार्याधिकारी (एस0बी0 / एन0जी0) को सूचनार्थ।
3. महाप्रबंधक (वित्त / नियोजन / परियोजना) को सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रबंधक (सिस्टम / मार्केटिंग) को इस आशय से प्रेषित कि इसे प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड करायें तथा किसी एक हिन्दी / अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापित भी कराने का कष्ट करें।
5. सचिव, Yamuna Expressway Entrepreneurs Association, अध्यक्ष NAEC, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, अध्यक्ष EPCH, श्री एन0के0 गुप्ता, टॉय एसोसिएशन को सूचनार्थ प्रेषित।
6. गार्ड फाईल।

19-10-20
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल,कामर्शियल काम्पलैक्स,पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1 ग्रेटर नोएडा,सिटी, गौतमबुद्ध नगर, 201308(उ0प्र0)दूरभाष नंः– 0120–2395151एवं 53, फैक्स नंः–0120–2395150